झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

24 Aug 2024

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Daily Current Affairs Booster


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 24 अगस्त का इतिहास

- **1872 :** लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के सहयोगी पत्रकार और मराठी साहित्यकार नरसिंह चिन्तामन केलकर का जन्म हुआ।
- **1969 :** वी.वी. गिरी भारत के चौथे राष्ट्रपति बनें।
- **1908 :** भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी व स्वतंत्रता सेनानी राजगुरु का जन्म हुआ।
- **2006 :** अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ ने प्लूटो का ग्रह का दर्जा समाप्त किया।

## 24 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- किसानों को विज्ञान का लाभ तुरंत मिले, इसके लिए सरकार महीने में एक बार किसानों की बात नाम से कार्यक्रम शुरू करेगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह कार्यक्रम अगले महीने शुरू होगा। यह कार्यक्रम रेडियो पर प्रसारित किया जाएगा। इसमें कृषि विभाग के वैज्ञानिक, अधिकारी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भी मौजूद रहेंगे तथा किसानों को जो भी जानकारी आवश्यक होगी, वह उपलब्ध कराई जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र को किसानों से पूरी तरह से जोड़ने की जरूरत है। वैज्ञानिक लाभ किसानों तक तत्काल पहुंचे, इसके प्रयास किए जाएंगे।
- भारतीय खाद्य आपूर्ति में माइक्रोप्लास्टिक संदूषण की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई हैं। इस परियोजना की घोषणा की गई, जिसका शीर्ष था 'उभरते खाद्य संदूषक के रूप में सूक्ष्म ओर नैनो प्लास्टिक' मान्य पद्धतियों की स्थापना और विभिन्न खाद्य मैट्रिक्स में व्यापकता को समझना। इसका उद्देश्य खाद्य उत्पादों में सूक्ष्म ओर नैनो प्लास्टिक का पता लगाने के लिए तरीकों को विकसित और मानकीकृत करना है, साथ ही उपभोक्ताओं के लिए उनकी व्यापकता और संभावित जोखिमों का आकलन करना हैं।
- केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स को 4600 रूपये प्रति टन से घटाकर 2100 रूपये प्रति मीट्रिक टन करने का फैसला किया हैं। सरकार ने डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स भी हटा दिया हैं। केंद्र सरकार ने जुलाई 2022 में कच्चे तेल उत्पादकों पर विंडफॉल टैक्स लगाना शुरू किया था। इसने निजी रिफाइनरियों को रिफाइनिंग मार्जिन प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईधन बेचने के लिए प्रोत्साहित किया। तेल की कीमतों में लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट आई है और ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा नीचे कारोबार कर रहा है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने प्रथम नीति निर्माता फोरम का उद्धघाटन किया।
- नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज ने 1000 किलोमीटर की रेंज वाले स्वदेशी कामिकोज ड्रोन का अनावरण किया। इन ड्रोन में लगा 30 एचपी वांकेल इंजन उन्हें 100-120 किलोग्राम वजन ले जाने में सक्षम बनाता है, जिसमें 30-40 किलोग्राम विस्फोटक शामिल हैं। इनका नियंत्रण एक कमांड सेंटर से किया जाता है। यह एक निश्चित ऊंचाई पर उड़ सकता है और लक्ष्य पर पहुंचते ही विस्फोटको को विस्फोट कर सकता हैं।
- भारत ने वियतनाम से आयातित कुछ स्टील उत्पादों पर एंटी डंपिंग जांच शुरू की हैं। एंटी डंपिंग जांच घरेलू उद्योग के लिए खतरे का विश्लेषण करेगी। जांच घरेलू स्टील उत्पादकों के अनुरोध पर आधारित हैं, जिसमें बाजार के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभावों का हवाला दिया गया हैं। यह निर्णय भारतीय स्टील बाजार में भारी गिरावट के बाद लिया गया हैं। भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा स्टील उत्पादक होने के बावजूद इस वितीय वर्ष में स्टील का शुद्ध आयातक बन गया है।
- चेन्नई में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तटरक्षक बल के नए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने दो नई तटरक्षक इकाइयों चेन्नई में क्षेत्रीय समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र ओर पुडुचेरी में तटरक्षक वायु एन्क्लेव का भी उद्धघाटन किया। नई एमआरसीसी समुद्र में संकट में फंसे नाविको और मछुआरों के बचाव के लिए बेहतर समन्वय की सुविधा प्रदान करेगी। यह भारत के पूर्वी तट और उसके बाहर सभी समुद्री बचाव कार्यो के समन्वय के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में भी काम करेगा और मछुआरों ओर नाविकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करेगा।
- अशोक कुमार सिंह श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक बने। अशोक कुमार सिंह केरल कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। जिला एवं राज्य स्तरीय संगठनों के शासन एवं प्रबंधन में उनका व्यापक अनुभव है। उन्होंने स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव और वित मंत्रालय के निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार दल कहां मानवाधिकार हनन की जांच करेगा?**

(A) सीरिया (B) इजराइल
(C) बांग्लादेश (D) जापान

**(C)** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की एक मानवाधिकार टीम बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ अगले ढाका का दौरा करने के लिए चर्चा कर रही हैं। जो संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय अंतरिम सरकार और परिवर्तन के लिए प्रदान कर सकता हैं। जिसमें सेमेस्टर का मुद्दा भी शामिल हैं।




**2. हाल ही में ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम के लिए आधिकारिक तौर पर एसओपी किसने लॉन्च किया है ?**

(A) सर्बानंद सोनोवाल (B) अमित शाह
(C) नरेंद्र मोदी (D) राजनाथ सिंह

**(A)** ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम पंच कर्म संकल्प के तहत एक महत्वपूर्ण पहल हैं। जीटीटीपी को भारतीय प्रमुख बंदरगाहों में संचालित पारंपरिक ईंधन आधारित हार्बर टगों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने तथा उनके स्थान पर हरित टगों को लाने के लिए डिजाइन किया गया हैं। जीटीटीपी का पहला चरण 1 अक्टूबर 2024 को शुरू होगा और 31 दिसंबर 2027 तक जारी रहेगा।



**3. हाल ही में किस राज्य में नई योजना के तहत स्कूल जाने वाले बच्चों को सप्ताह में एक बार उबले अंडे या फल दिए जाएंगे ?**

(A) आंध्रप्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) राजस्थान (D) हिमाचल प्रदेश

**(D)** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने हमीरपुर में मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य सरकारी स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना हैं। इस योजना के तहत 15,181 स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्रों को सप्ताह में एक बार उबले अंडे या फल दिए जाएंगे, जो मौजूदा मध्याह्न भोजन कार्यक्रम का पूरक होगा।



**4. हाल ही में RBI ने किसे तमिलनाड़ मर्केंटाइल बैंक का MD&CEO नियुक्त किया है ?**

(A) नलिन प्रभात (B) एस. सुकुमारन नायर
(C) मनोज मित्तल (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** भारतीय रिजर्व बैंक ने तमिल मार्केटाइल बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में साली सुकुमारन नायर की नियुक्ति को तीन साल के लिए मंजूरी दे दी हैं। 35 से अधिक वर्षो के अनुभव वाले अनुभवी बैंकर नायर, भारतीय स्टेट बैंक में उप प्रबंध निदेशक और मुख्य ऋण अधिकारी के रूप में अपने पद के बाद इस भूमिका में कदम रख रहे हैं।



**5. हाल ही में किस राज्य के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) छत्तीसगढ़
(C) झारखंड (D) कर्नाटक

**(D)** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण साइट आवंटन घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी हैं। कथित एमयूडीए घोटाले में सिद्धारमैया की पत्नी को मैसूर में लगभग 14 भूखंडो का धोखाधड़ी से आवंटन शामिल हैं। आरोप के अनुसार दलित समुदाय के सदस्यों के लिए निर्धारित भूमि को जाली दस्तावेजों का उपयोग करके सिद्धारमैया की पत्नी को दे दिया गया।



**6. हाल ही में भारत के सीएजी और किस देश के चैंबर ऑफ अकाउंट्स ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है ?**

(A) कजाकिस्तान (B) उज्बेकिस्तान
(C) पाकिस्तान (D) इजराइल

**(B)** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने उज्बेकिस्तान गणराज्य के चैंबर ऑफ अकाउंट्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच लेखा परीक्षा के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान प्रदान बढ़ाना है। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भारत और उज्बेकिस्तान के एसएआई के बीच घनिष्ठ संबंधों और सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**7. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा मन्याचीवाड़ी के साथ पहला सौर गांव लॉन्च किया गया है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) तेलंगाना
(C) तमिलनाडु (D) ओडिशा

**(A)** हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के पहले सौर गांव का उद्घाटन किया। सतारा जिले के पाटन तालुका में मन्याचिवाड़ी गांव महाराष्ट्र का पहला सौर गांव बन गया हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतो पर निर्भरता कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।




**8. हाल ही में भारत ने किस देश को 1400 किग्रा कैंसर रोधी दवाएं भेजी है ?**

(A) मालदीव (B) श्रीलंका
(C) सीरिया (D) भूटान

**(C)** हाल ही में विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारत ने सीरिया को मानवीय सहायता भेजी हैं। अपनी मानवीय प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत ने सीरिया को कैंसर रोधी दवाएं भेजी हैं। लगभग 1400 किलोग्राम की यह खेप सीरियाई सरकार और उसके लोगों को बीमारी से लड़ने में मदद मिलेगी।




**9. हाल ही में आनंद महिंद्रा को कहां स्थापित यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है ?**

(A) केरल (B) तेलंगाना
(C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक

**(B)** हाल ही में महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा को नव स्थापित यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का चेयरमैन नियुक्त किया गया हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा आनंद महिंद्रा को इस पर नियुक्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किए जाने के बाद यह नियुक्ति की गई हैं। आधिकारिक आदेश जारी कर उनकी नियुक्ति की पुष्टि की गई ओर वह एक साल तक इस पर बने रहेंगे।



**10. हाल ही में पंचायतों में महिला नेतृत्व पर राष्ट्रीय कार्यशाला कहां आयोजित की गई?**

(A) नई दिल्ली (B) मुंबई
(C) अहमदाबाद (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में पंचायतों में महिलाओं के नेतृत्व पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन नई दिल्ली में आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देशभर की 160 से अधिक पंचायत प्रतिनिधि भाग लिये। पुदुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी ने कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होने जमीनी स्तर पर पंचायत के विभिन्न मुद्दों का उल्लेख किया और प्रतिनिधियों को उनके समाधान भी बताये।

